# बालमन

Powered by Teachers of Bihar

अंक -5, सितंबर 2023



सितंबर 2023 अंक-5

## प्रखंड: कुदरा

## जिला: कैमूर

प्रधान संपादक

**कमलेश कुमार**

उत्क्रमित उच्च माध्यमिक
विद्यालय हरदासपुर, कुदरा, कैमूर।

Kamlesh Kumar +91 8540812308 Dheeraj Kumar- +91 9431680675

+91 7250818080 info@teachersofbihar.org |

wwww.teachersofbihar.org teachersofbihar@gmail.com

# कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी, कैमूर (भभुआ)

शिक्षा भवन, भागीरथी मुक्ताकाश मंच भभुआ.
(मो०-8544411411 email-deokaimur.edn@gmail.com)

## "शुभकामना संदेश"



मुझे यह जानकर प्रसन्नता है कि विद्यालय के छात्र/छात्राओं को जागरूक बनाने तथा प्रतिभावान बच्चों के प्रतिभा का प्रदर्शन विभिन्न स्तर पर करने के उद्देश्य से "बाल मन कैमूर" पत्रिका का मासिक प्रकाशन किया जा रहा है।

इस प्रकार के प्रकाशन, बच्चों के सृजनात्मक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इससे बच्चों के सुनहरे भविष्य के लिए मार्ग प्रशस्त होगा।

आशा है कि इस पत्रिका से बच्चे, शिक्षक एवं समाज में सकारात्मक सोच विकसित होगा।

मैं सुमन शर्मा, जिला शिक्षा पदाधिकारी, कैमूर इस उपयोगी लेखन के लिए बधाई देते हुए "बाल मन कैमूर" के प्रकाशन की सफलता हेतु अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं।

(सुमन शर्मा)
जिला शिक्षा पदाधिकारी
कैमूर (भभुआ)

सम्पादकीय

प्यारे बच्चों

नमस्कार

आप सब ने अभी-अभी छमाही मूल्यांकन में भाग लिया है। मुझे पूरी उम्मीद है कि आपने बहुत अच्छा किया होगा। प्रत्येक माह के अंत में मासिक मूल्यांकन भी होता है। यदि आप इन सब में अच्छे तरीके से शामिल होते हैं और सीखने पर ध्यान देते हैं तो निश्चित रूप से आप बहुत अच्छा करेंगे ।

बच्चों अगले महीने दशहरा का मेला है ,जिसे बुराई पर अच्छाई के जीत के प्रतीक के रूप में हम मानते हैं। हम सबको अच्छा बनने का प्रयास करना चाहिए और गलत काम नहीं करना चाहिए। प्रत्येक गलत कार्य का गलत परिणाम होता है और गलत काम की पहचान है कि उस कार्य को हमें छुपा कर करना पड़ता है तो ऐसे कार्यों से अवश्य बचें।

आप अपने माता-पिता, बड़े बुजुर्ग एवं गुरुजनों की बातों पर ध्यान दें और अच्छी चीजों को अपने स्वभाव में शामिल करें । सितंबर 2023 का बालमन कुदरा का यह अंक आपके हाथ में है। यह अंक आपको कैसा लगा ? आप अवश्य लिखिएगा।

आपका

कमलेश कुमार

उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय हरदासपुर, कुदरा
कैमूर, मो0 - 7991143281

परामर्शदाता समूह

1.आदरणीय रवीन्द्र प्रसाद सिंह, प्रधानाध्यापक,
उत्क्र0म0वि0भैसौला,मो0-7484986097.
2.आदरणीय अरुण कुमार त्रिपाठी, प्रधानाध्यापक,
मध्य विद्यालय जहानाबाद,मो0- 9570283962.
3.आदरणीय राम प्रकाश साह, वरिष्ठ शिक्षक,
मध्य विद्यालय फाखराबाद ,मो0-8539039508.

संपादक मंडल

1.श्री मो0 जाफ़र खां , उत्क्र0म0वि0पचपोखरी, मो0-9955954646,
2.श्री राजेश कुमार श्रीवास्तव, मध्य विद्यालय सिसवार मो0-8210366770
3.श्री राजेश कुमार सिंह, उत्क्र म0विद्यालय0 घटांव, मो0-7488321451.
श्री कुमार अनिल सिंह,क0उत्क्र0उ0मा0वि0 जहानाबाद मो०-9934411634
. श्री अखिलेश कुमार श्रीवास्तव, उत्क्र0 म0 वि0 वैना,मो0 - 9471680872
6. श्री चंद्रदेव विश्वकर्मा, उत्क्र0 उ0 मा0 वि0 रमडिहरा, मो0-7903587066
7. श्री सैयद जाबिर हुसैन न्यू प्रा0 विद्यालय बहुआरा, मो0- 7250581901
8.श्री संतोष कुमार गुप्ता, उत्क्र0 उ0 मा0 वि0 खरहना,मो0-9973486681
9.श्री अमित कुमार न्यू प्रा0 विद्यालय असरवलिया,मो0-9123141443
10. श्री सिकेन्द्र कुमार सुमन ,न्यू प्रा0 विद्यालय तरहनी,मो0-9939207572

# विषय सूची

1. बिहार राज्य प्रार्थना एवं बिहार राज्य गीत
2. दिवस विशेष
3. रोचक तथ्य
4. अंतर खोजो
5. कविता- शिक्षक जैसे मोमबत्ती
6. विद्यालय शिक्षा समिति की बैठक
7. अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस
8. मेरी माटी मेरा देश'
9. सुरक्षित शनिवार एवं बैगलेश डे
10. अखबार की सुर्खियां
11. विद्यालयी गतिविधियां
12. नशा मुक्त भारत अभियान
13. चेतना सत्र
14. कविता- अच्छे बच्चे
15. बिहार के 6 बाल वैज्ञानिक जाएंगे जापान
16. प्रेस विज्ञप्ति -राष्ट्रीय आय सह मेधा छात्रवृत्ति
17. कहानी - छुट्टी में केरल
18. बालमन क्विज
19. बूझो तो जानें
20. रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान
21. रोचक गणित
22. कविता - हिन्दी ही हमारी शान है।
23. विश्व के धरोहर
24. कहानी - कर भला तो हो भला
25. विज्ञान कार्नर
26. दिवस ज्ञान
27. स्वास्थ्य सुझाव
28. क्रॉसवर्ड पजल
29. हिन्दी दिवस
30. रामधारी सिंह दिनकर
31. विश्व पर्यटन दिवस
32. अनमोल विचार
33. शिक्षा शब्दकोश
34. खेल कॉर्नर
35. धन्यवाद ज्ञापन

# बिहार राज्य प्रार्थना गीत

मेरी रफ्तार पे सूरज की किरण नाज करे
ऐसी परवाज दे मालिक कि गगन नाज करे
वो नजर दे कि करूँ कद्र हरेक मजहब की
वो मुहब्बत दे मुझे अमनो अमन नाज करे
मेरी खुशबू से महक जाये ये दुनिया मालिक
मुझको वो फूल बना सारा चमन नाज करे
इल्म कुछ ऐसा दे मैं काम सबों के आऊँ
हौसला ऐसा हीं दे गंग जमन नाज करे
आधे रस्ते पे न रूक जाये मुसाफिर के कदम
शौक मंजिल का हो इतना कि थकन नाज करे
दीप से दीप जलायें कि चमक उठे बिहार
ऐसी खूबी दे ऐ मालिक कि वतन नाज करे
जय बिहार जय बिहार जय जय जय जय बिहार

एम. आर. चिश्ती

www.teachersofbihar.org

# बिहार राज्य गीत


मेरे भारत के कंठहार, तुझको शत-शत वंदन बिहार
तू वाल्मीकि की रामायण, तू वैशाली का लोकतंत्र
तू बोधिसत्व की करूणा है, तू महावीर का शांतिमंत्र
तू नालंदा का ज्ञानदीप, तू हीं अक्षत चंदन बिहार
तू है अशोक की धर्मध्वजा, तू गुरूगोविंद की वाणी है
तू आर्यभट्ट तू शेरशाह, तू कुंवर सिंह बलिदानी है
तू बापू की है कर्मभूमि, धरती का नंदन वन बिहार
तेरी गौरव गाथा अपूर्व, तू विश्व शांति का अग्रदूत
लौटेगा खोया स्वाभिमान, अब जाग चुके तेरे सपूत
अब तू माथे का विजय तिलक,
तू आँखों का अंजन बिहार
तुझको शत-शत वंदन बिहार,
मेरे भारत के कंठहार

- सत्यनारायण


27 सितंबर
विश्व पर्यटन दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं।
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
Madhu priya
www.teachersofbihar.org


# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान


Rakesh kumar



## 5 अंतर खोजे

## आप तैयार है न......






शिक्षक जैसे मोमबत्ती
खुद गलती जाती है,
रौशन करती है आसपास
शिक्षक जैसे पिता
अपनी ईच्छाओं को मार कर
जीता
सुधारता है भविष्य पुत्र औ पुत्री का
शिक्षक जैसे कुम्हार
मिट्टी के लोधें को
श्रम से कौशल से
छाँट कर थाप कर
गढ़ता अपनी कृति
और बन जाती सुंदर मूर्ति

- अमित तिवारी


e-LOTS
e-Library of Teachers & Students
Bihar Education Project Council
Education Department, Bihar
आज़ादी का
अमृत महोत्सव
उत्क्रमित मध्य विद्यालय नवरास, कुदरा, कैमू
विद्यालय शिक्षा समिति की
बैठक उत्क्रमित मध्य विद्यालय
नेवरास




# Teachers of Bihar

The change makers

## दिवस विशेष

15 सितंबर

मधु प्रिया

## अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस 15 सितंबर



अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस प्रत्येक वर्ष 15 सितंबर को दुनिया भर में मनाया जाता है। इसकी स्थापना 2007 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा पारित एक प्रस्ताव के माध्यम से की गई थी, जो सरकारों को लोकतंत्र को मजबूत और समेकित करने के लिए प्रोत्साहित करता है ।लोकतंत्र के सिद्धांतों को बढ़ावा देने और बनाए रखने के उद्देश्य से हर साल 15 सितंबर को अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस मनाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस अपने अस्तित्व का श्रेय लोकतंत्र पर यूनिवर्सल घोषणा को जाता है, जिसे 15 सितंबर, 1997 को अंतर-संसदीय संघ के जरिए अपनाया गया था।अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस अपने अस्तित्व का श्रेय लोकतंत्र पर यूनिवर्सल घोषणा को जाता है, जिसे 15 सितंबर, 1997 को अंतर-संसदीय संघ के जरिए अपनाया गया था। लोकतंत्र के कॉन्सेप्ट और विचार को स्वीकार करना बहुत महत्वपूर्ण है। मौजूदा वक्त में कई लोग लोकतंत्र के सिद्धान्त को तोड़ना या पकड़ना चाहते हैं. अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस मनुष्यों के मूल अधिकारों को सुरक्षा और प्रभावी समर्थन को याद कराने का एक महत्वपूर्ण दिन है।

# मेरी माटी मेरा देश'


उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय
हरदासपुर, कुदरा (कैमूर)
आपका हार्दिक अभिनन्दन करता है !


उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय
हरदासपुर, कुदरा (कैमूर)


न्यू प्राथमिक विद्यालय तरहनी
EMOTIONS

**TEACHERS OF BIHAR**
The Change Makers

# सुरक्षित शनिवार

दिनांक 23/09/2023

## सितंबर माह का चतुर्थ शनिवार

## बाल अधिकार

शिक्षा का अधिकार
स्वास्थ्य का अधिकार
अच्छे जीवन का अधिकार
दुर्व्यवहार से रक्षा का अधिकार
किशोर न्याय का अधिकार

**बाल विवाह, बाल शोषण है अभिशाप।**
**शिक्षा से ही कर सकते इसे समाप्त ॥**

www.teachersofbihar.org

गतिविधि - 6.1 बाल अधिकार

# Bagless
September
# Saturday



## बाल अधिकार

इस गतिविधि के अंतर्गत शिक्षक बच्चों को उनके अधिकार के बारे में निम्न बातें बता सकते हैं।

1. 6-14 साल के सभी बच्चों को अनिवार्य एवं निशुल्क प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार है।
2. स्वास्थ्य एवं विकास के अवसर तथा शोषण से बचाना।
3. आर्थिक जरूरतों की वजह से बच्चों को ऐसे किसी काम पर नहीं भेजा जाएगा जो उनकी आयु और सुरक्षा के उपयुक्त नहीं है।
4. 14 साल से कम आयु वाले बच्चों को जोखिम वाले कार्य करने से सुरक्षा।

**भारत में 20 नवंबर को बाल अधिकार दिवस मनाया जाता है**

इस गतिविधि के द्वारा बच्चे अपने अधिकार को जानेंगे और सजग रहेंगे।

Anu priya

# अखबारों की सुर्खियां

शिक्षक दिवस. समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में डीएम व डीइओ ने प्रशस्ति पत्र देकर बढ़ाया हौसला

## शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करनेवाले 20 शिक्षक सम्मानित




समारोह

सम्मानित होने वाले शिक्षकों की सूची





शिक्षकों को सम्मानित करते डीएम.

### आरबीएस पब्लिक स्कूल कुल्हड़िया में मना शिक्षक दिवस

### शिक्षक ही बच्चों के भविष्य का देते हैं आकार




दैनिक भास्कर
सासाराम / कैमूर भास्कर 06-09-2023


## शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक सम्मानित

जीवन की यात्रा में अनेक गुरु मिलते हैं जो हमारे व्यक्तित्व पर गहरी छाप छोड़ जाते हैं





### इन शिक्षकों को मिला सम्मान

### प्राक परीक्षा प्रशिक्षण केंद्र में हुआ शिक्षक दिवस समारोह


उत्क्रमित उच्च माध्यमिक
विद्यालय भदौला


उत्क्रमित उच्च माध्यमिक
विद्यालय रमडिहरा
12:51 pm


प्राथमिक विद्यालय निमियां

# नशा मुक्त भारत अभियान पर निबन्ध

"जन-जन को जागृत कर हर घर से नशा भगाएं
आओ मिलकर नशा मुक्त भारत बनाएं....।"

प्रस्तावना-

हमारे देश भारत में हाल ही में 'सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय' द्वारा युवाओं को नशे से दूर करने हेतु एक 'नशा मुक्त भारत' अभियान की शुरुआत की गई है। यह अभियान वर्ष 2020-21 के लिए देश के 272 जिलों में शुरू किया गया है। देश में बढ़ती नशे की लत को देखते हुए भारतीय युवाओं के उज्जवल भविष्य को नशे के अंधेरों से बचाने हेतु इस अभियान की शुरुआता की गई है।

अभियान का उद्देश्य-

इस अभियान का उद्देश्य चुने गए जिलों में विभिन्न सामुदायिक कार्यक्रमों के द्वारा नशा विरोधी जन जागरूकता फैलाना है। इसके साथ ही सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा नशा मुक्ति में कार्यरत स्वयं संस्थानों के लिये धन जुटाने तथा युवाओं के बीच नशीली दवाओं के दुरूपयोग को रोकने के लिये स्कूलों और कॉलेजों में नशा मुक्ति अभियान को संचलित करना है। जागरूकता कार्यक्रमों के तहत दवा पर निर्भर आबादी की पहचान और उपचार सुविधाओं पर ध्यान केंद्रित किया जाना है इस अभियान की टैगलाइन 'नशा मुक्त भारत-सशक्त भारत' रखी गयी है।

नशा कितना हानिकारक - नशा करने वाला व्यक्ति सामाजिक तौर पर चेतना शून्य हो जाता है तथा समाज में अपराध व घरेलु हिंसा जैसी गैर कानूनी हरकतों को भी बढ़ावा मिलता है। नशीले पदार्थों के उपयोग से न सिर्फ व्यक्ति के मानसिक संतुलन पर प्रभाव पड़ता है बल्कि उसको भयंकर बीमारियों का भी सामना करना पड़ता है। नशे से जन व धन की दोनों की हानि होती है।

"आज नहीं तो कल आखिर तुमको पछताना है, आज नशा तुम खाते हो, कल नशे ने तुमको खा जाना है"

नशे में घुलता युवा भारत — वर्तमान समय में भारत सम्पूर्ण विश्व में सबसे युवा आबादी वाला देश है। लेकिन जिस युवा पीढ़ी के बल पर भारत विकास के पथ पर प्रगतिशील होने का दावा करता है वह युवा पीढ़ी आज नशे की गिरफ्त में आती जा रही है, जो अत्यंत ही चिंता का विषय है।

निष्कर्ष- देश के भविष्य को बचाने हेतु इस अभियान को बल देने की जरूरत है। देश सामुहिक प्रयास व एकजुटता से ही नशे की इस चुनौती को पार कर सकता है। युवाओं को नशे के दलदल में फंस कर अपने जीवन के सुनहरे अवसरों को खराब नहीं करना चाहिये बल्कि अपनी ऊर्जा सकारात्मक कार्यों के साथ-साथ समाज हित में लगानी चाहिए

"हम सब का हो एक ही सपना,
नशा मुक्त हो भारत अपना।"

रिंकी कुमारी
कक्षा-IX, क्रमांक-07

उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय केवटी, कुरहा

# चेतना सत्र


उत्क्रमित मध्य विद्यालय
11:14 am


11:14 am


11:14 am


उत्क्रमित उच्च माध्यमिक
विद्यालय भदौला

## अच्छे बच्चे

अच्छे बच्चे जल्दी उठते,
और काम में वो लग जाते।
उठकर सबसे पहले-पहले,
मात-पिता को शीष नवाते।

फिर पानी पी,शौच को जाते,
प्रात: भ्रमण को फिर हैं जाते।
दाँतों में मंजन करते हैं,
फिर कुल्ले के बाद नहाते।

विद्यालय भी समय से जाते,
ध्यान लगाकर मन से पढ़ते।
शिक्षक का सम्मान हैं करते,
कभी किसी से नहीं वे लड़ते।

नियत समय पर भोजन करते,
रोज शाम को खेलें खेल।
कोई जीते, कोई हारे,
आपस में रखते हैं मेल।

मौलिक एवं प्रकाशित
--विनय बंसल, आगरा
मोबाइल 9458060262









भरोसा नए हिन्दुस्तान का

रैंकिंग पर पहुंचे

P-16

• पांच प्रदेश • 21 संस्करण

# गर्व: बिहार के 6 बाल वैज्ञानिक जाएंगे जापान

पटना, मुख्य संवाददाता। सरकारी स्कूल के विद्यार्थी भी अब बाल वैज्ञानिक बनकर जापान की सैर करेंगे। सूबे के पांच सरकारी स्कूलों के छह बाल वैज्ञानिकों का चयन सकुरा विज्ञान एक्सचेंज (विनिमय) कार्यक्रम के तहत किया गया है। ये सभी विभिन्न उच्च माध्यमिक स्कूल के 11वीं और 12वीं के विद्यार्थी हैं। इन सभी छात्र-छात्राओं को दिसंबर में जापान ले जाया जाएगा।

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने बुधवार को इसकी जानकारी सभी छात्रों को दी। देशभर से 60 बाल वैज्ञानिकों का चयन किया गया है। चयन के लिए मैट्रिक के अंक और विज्ञान प्रतियोगिता में छात्रों की अलग-अलग उपलब्धि को देखा जाता है। पहली बार बिहार के सरकारी स्कूल के छात्रों को इसमें शामिल होने का मौका मिला है। अब तक इसमें ज्यादातर निजी स्कूल के छात्र ही चयनित होते थे।

**11**

**वीं और 12वीं के ये सभी छात्र-छात्राएं सरकारी स्कूलों से**



## इन विद्यार्थियों का हुआ चयन

1. मो. रुमान अशरफ, प्लस टू इस्लामिया हाई स्कूल, शेखपुरा
2. सुधांशु कुमार, पटना कॉलेजिएट स्कूल, पटना
3. अभिषेक कुमार चौधरी, पटना कॉलेजिएट स्कूल, पटना
4. निर्जला कुमारी, महादेव हाई स्कूल खुशरुपुर, पटना
5. सानिया कुमारी, प्रोजेक्ट गर्ल्स इंटर स्कूल रजौली, नवादा
6. मुस्कान कुमारी, टीएस कॉलेज हिसुआ, नवादा

**राष्ट्रीय स्तर पर विजेता :** ये सभी विद्यार्थी इंस्पायर से लेकर चिल्ड्रेन साइंस कांग्रेस व कई विज्ञान प्रतियोगिताओं में राष्ट्रीय स्तर पर विजेता रहे हैं। निर्जला कुमारी ने ऑटोमेटिक चलनी बनाकर इंस्पायर में टॉप-दस में जगह बनाई थी। वहीं, मुस्कान ने ऑटोमेटिक ड्रेनेज सिस्टम का मॉडल बनाकर इंस्पायर में टॉप-पांच में जगह बनाई थी। सात देशों भारत, इंडोनेशिया, मलेशिया, नेपाल, श्रीलंका, थाईलैंड और वियतनाम के साथ जापान विज्ञान विनिमय कार्यक्रम चलाता है। चयनित छात्रों को एक माह तक सकुरा साइंस क्लब की गतिविधियों से परिचय करवाया जाता है।

# छुट्टी में केरल

कोविड–19 ने आवागमन रोक रखा है। जाड़े की छुट्टी में हमलोगों ने केरल जाने का साहस किया। पहले हम कोच्चि पहुँचे जिसकी एक अलग ही ऐतिहासिक पृष्ठभूमि हैं। कोच्चि फोर्ट और ज्यू (यहूदी) टाउन इसके जीते–जागते प्रमाण है। इद्दापल्ली का सेंट जॉर्ज फोरेन चर्च बेहद खूबसूरत है। हम सब ने सूर्यास्त के समय कोच्चि के जलाशयों में नौका यात्रा की। फिर हम मन्नार गए।

पर बीच में अथिरापल्ली के जलप्रपात को देखने के लिए रुके और मसालों के पौधों का बगीचा भी देखा। मन्नार रहस्यमय और बेहद खूबसूरत है। धुंध से घिरी पहाड़ियों के बीच सूर्योदय का दृश्य लाजवाब है। चाय बागान भी यहाँ के मनोरम दृश्य उपस्थित करते हैं। फिर हमलोग गाड़ी से शिखर–स्थल पहुँचे, बादलों के बीच मन्नार के बाद हम थेक्काडि गए। वहाँ केटीडीसी आवास में टिके जो पेरियार टाइगर रिजर्व में स्थित है। दोपहर में पेरियार नदी में नौकायन के दौरान कुछ जानवर देखे, कुछ अचंभित करने वाले अनोखे पक्षी भी। वहाँ शाम बहन के साथ मौज में बीती। थेक्काडि से हमलोग अलिप्पेइ गए जहाँ हम वेम्बनाड झील पर हाउसबोट में रहे। यह देश की सबसे बड़ी झील है। गोधूलि के समय यह बेहद खूबसूरत लगती है। वापस त्रिवेंद्रम आते हुए हम वरकला बीच पर रुके। वहाँ टाँगें फैलाकर सुस्ताये। लेकिन समुद्री लहरों के बीच जाने की इच्छा दबा न पाए, वहाँ परिवार के साथ सचमुच बड़ा मजा आया। नये साल के स्वागत में त्रिवेंद्रम को बहुत सजाया गया।



साभार
बाल किलकारी

पूवार में हम सब ने आम के पेड़ों के बाग के किनारे–किनारे नौकायन किया। फिर उस मुहाने पर पहुँचे जहाँ झील अरब सागर से जा मिलती है। त्रिवेंद्रम में पद्मनाभा स्वामी मंदिर और कोलम बीच भी बहुत अच्छा लगा। इस यात्रा में परिवार के साथ बड़ा मजा आया। हमारे लिए कोविड के दूसरे और तीसरे वेव के बीच जाड़े की छुट्टियाँ आनंददायक रहीं। केरल को सच ही 'ईश्वर का देश' कहा गया है।

– विनायक राज,
कक्षा–10ए, डीपीएस, पटना।

# बालमन क्विज कुदरा

## 1.सितंबर माह में कितने दिन होते हैं?

| | | | |
|---|---|---|---|
| A. | 31 | C. | 28 |
| B. | 29 | D | 30 |

## 2.लीप ईयर में कितने दिन होते हैं ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| A. | 366 | C. | 365 |
| B. | 265 | D | 364 |

## 3.शिक्षक दिवस कब मनाया जाता है?

| | | | |
|---|---|---|---|
| A. | 02सितंबर को | C. | 03 सितंबर को |
| B. | 04 सितंबर को | D | 05 सितंबर को |

## 4.बौद्धधर्म का जन्म किस राज्य में हुआ था ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| A. | उत्तर प्रदेश | C. | पंजाब |
| B. | बिहार | D | झारखंड |

ANS-1.-D ,2-A, 3-D,4-C

# TOB बालमन बूझो तो जानें।

दिए गए पहेलियों को समझ कर उत्तर दें।

कमलेश कुमार
उत्क्र० उच्च माध्यमिक विद्यालय हरदासपुर

उतर-1.पूरी. 2.नमक. 3.दूध 4.पतंग

बालमन कुदरा कैमूर

1.ऐसी कौन-सी चीज है जो आधा खाने पर भी पुरी रहती है?

2.ऐसी कौन-सी चीज है जो समुद्र में पैदा होती है और आपके घर में रहती है ?

3.ऐसी कौन-सी चीज है जो फटने पर आवाज नहीं करती है?


4.पंख नहीं पर उड़ती हूं।
हाथ नहीं पर लड़ती हूं।


रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान
Rakesh kumar
क्या आप जानते हैं?
एक मधुमक्खी उड़ते समय एक सेकंड में 200 से भी ज्यादा बार अपने पंख फड़फड़ाती है।
www.teachersofbihar.org


पढ़ना कभी बंद न करें क्योंकि ज्ञान की कोई सीमा नहीं होती दूसरों से ज़्यादा ज्ञान ही आपको सफल बनाता हैं|

# ToB बालमन

सितंबर 2023




# रोचक गणित

1. Eratosthenes ने आज से 2200 साल पहले मिस्त्र से बाहर जाए बिना ही धरती की परिधि की गणना गणित की सहायता से कर दी थी।


2. पुरातन बेबीलोन के लोग गणित को 10 के बजाय 60 के आधार पर करते थे. इसी वजह से Circle में 360° और 1 मिनट में 60 सेकेंड होते हैं।

3. 555 को थाईलैंड में "हाहाहा" के तौर पर प्रयोग किया जाता है क्योंकि "फाइव" का उच्चारण वहां "हा" होता हैं।

4. एक फुटबॉल मानक (मौसम सॉकर बॉल के रूप में भी जाना जाता है) 32 पैनलों से बने होते हैं, जो आम तौर पर हेक्सागोन और पेंटागन पर होते हैं। विशेष रूप से, एक मानक फुटबॉल पर 12 पेंटागन और 20 हेक्सागोन होते हैं।

कुमार राकेश मणि
उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटा नुआंव कैमूर






🌹 शीर्षक- हिन्दी ही हमारी शान है। 🌹

हिन्दी ही हमारी शान है।
यह हम सब का अभिमान है।
मेरे गांव ,क्षेत्र और जन-जन का, हिन्दी भाषा पहचान है।।
हिन्दी ही............................।।

हमने हिन्दी में जन्म लिया।
जो सीखा वह भी हिन्दी है।
जो पहला शब्द निकला मुंह से।
वह हिन्दी -हिन्दी -हिन्दी है।।
हिन्दी ही अपना कर्म- धर्म,यह जीवन का संधान है।।
हिन्दी ही............................।।

मेरी अभिव्यक्ति और आशा है ।
आत्मा और मन की भाषा है।
हिन्दी के शब्द हो रग-रग में।
मेरे जीवन की अभिलाषा है।
हिन्दी में जन्म-मरण अपना, हिन्दी ही आत्म विधान है।।
हिन्दी ही............................।।

हिन्दी ही मंदिर-मस्जिद है ।
और गिरजाघर- गुरुद्वारा है ।
हिन्दी में हमारा चिंतन-मनन ।
हम सबको बहुत ही प्यारा है।
हो मरते समय हिन्दी अधरों पर, यही मेरा अरमान है।।
हिन्दी ही............................।।

रचनाकार,
कमलेश कुमार,

# Teachers of Bihar

*The change makers*

## विश्व के धरोहर एवं रोचक तथ्य

### विश्व के धरोहर

### सेन्सो-जी

*Your*सेन्सो-जी एक प्राचीन बौद्ध मंदिर है जो असुकुसा, टोक्यो, जापान में स्थित हैं। यह टोक्यो का सबसे पुराना और महत्वपूर्ण मंदिर हैं। पूर्व में बौद्ध धर्म के तेंदई संप्रदाय से जुड़ा यह मन्दिर, द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यह स्वतंत्र हो गया। मंदिर के समीप पांच मंजिला पैगोड़ा, शिंतो मंदिर, असकुसा मंदिर के साथ-साथ कई पारंपरिक सामान कि दुकानें नाकाइज-डोरी स्थित हैं। *paragraph*

### रोचक तथ्य

एक बिजली का बोल्ट 54 हजार डिग्री फारेनहाइट है। वह सूर्य की सतह से भी अधिक गर्म है!

अमरेन्द्र कुमार
डिस्ट्रिक्ट मेंटर (TOB)
रोहतास

25/09/2023

Madhu priya





# कर भला तो हो भला

कब कौन-सी कहानी किसके लिए उदाहरण बन जाए यह कोई नहीं जानता। कब कौन- सी घटना किसके मन पर कितना गहरा प्रभाव डालेगी इसे भी कोई नहीं जानता।एक घटना मुझे याद आती है- एक बार मैं बहुत ही आवश्यक काम से यूनिवर्सिटी की तरफ जा रही थी। यूनिवर्सिटी से मुझे पेपर निकालना था और वह बेहद ही जरूरी था। उसी दिन निकाल कर लाना था। मैं तैयार होकर बस का इंतजार कर रही थी। तभी एक महिला अस्पताल से निकलती हुई मेरे पास आई और बोली कि उसे गंभीर समस्या है जिसके कारण उसे परेशानी हो रही है और उसका वह निदान चाहती थी अस्पताल में सब जगह उसने सबसे बात की लेकिन किसी ने उसकी समस्या का समाधान नहीं किया। फिर वह मेरे पास आई और विनती करने लगी।मैंने कहा कि देखो मुझे बहुत जरूरी काम है और मेरा जाना बहुत ही जरूरी है यदि बस छूट जाती है तो काफी समस्या हो जाएगी, लेकिन वह नहीं मानी। अंततः मुझे उसकी मदद के लिए अस्पताल जाना पड़ा। मैंने उसकी समस्या का निदान किया। वह संतुष्ट होकर चली गयी। मैं घर आयी। बारिश होने लगी थी। फिर मैं दूबारा तैयार होकर बस का इंतजार करने लगी। एक बस निकल चुकी थी। अब संयोग की बात थी कि फिर बस मिले । कोई गाड़ी मिले तो मैं आगे जा पाती ऐसा सोच रही थी ,ठीक उसी वक्त जहां मुझे जाना था उसी तरफ एक गाड़ी जा रही थी। मैंने उससे मदद मांगी तो उस गाड़ी वाले में मुझे मेरे गंतव्य तक छोड़ने के लिए हामी भरी ।काफी बारिश हो रही थी बावजूद इसके मैं यूनिवर्सिटी गई। समय भी समाप्त होने वाला था। यूनिवर्सिटी बंद होने ही वाली थी। मैं जैसे ही पहुंची तो जिन प्रोफेसर साहब से मुझे काम था वह थोड़ी देर बाद जाने वाले थे। मैं गई उनसे मिली और अपना काम बताया तो उन्होंने यह कहते हुए मेरा काम फॉरन कर दिया कि बड़े संयोग से आप आयी हैं ,कल से मैं एक हफ्ते की छुट्टी में रहूंगा।

मैं हैरान थी मेरे साथ घटी घटनाओं से । औरों के लिए आम बात थी लेकिन मेरे लिए बेहद खास।एक ही पंक्ति याद आ रही थी -कर भला तो हो भला ।



**सुशीला कुमारी,**
**ईटखोरी,झारखण्ड**

# ऊतक (TISSUE)

**TOB SCIENCETLM** Biology | **CLASS 9**

समान उत्पत्ति तथा समान कार्यों को संपादित करनेवाली कोशिकाओं के समूह को ऊतक कहते हैं।

**कोशिकाओं के विभाजन क्षमता के आधार पर**

पादप ऊतक दो प्रकार के होते हैं।

1. विभाज्योतकी ऊतक
2. स्थायी ऊतक

विभाज्योतकी ऊतक वह ऊतक है जिसमें कोशिका विभाजन की क्षमता होती है।



स्थायी ऊतक वह उत्तक है जिसमें कोशिका विभाजन की क्षमता नही होती है।

राजेश कुमार सिंह

www.teachersofbihar.org

# विज्ञान कॉर्नर

## धातु एवं अधातु कक्षा 10

Chemistry

## धातुओं का निष्कर्षण

**पृथ्वी की भूपर्पटी धातुओं का मुख्य स्रोत है।**

**समुद्री जल में भी सोडियम क्लोराइड, मैग्नेशियम क्लोराइ आदि जैसे कुछ घुलनशील लवण उपस्थित रहते हैं।**

**पृथ्वी की भूपर्पटी में प्राकृतिक रूप में पाए जाने वाले तत्व या योगिकों को खनिज कहते हैं।**

**पृथ्वी की भूपर्पटी ऐलुमिनियम का प्रमुख स्रोत है।**

**वैसे खनिज जिससे धातुओं का निष्कर्षण करना लाभकारी हो उसे अयस्क कहा जाता है।**

**सभी अयस्क खनिज होते हैं परंतु सभी खनिज अयस्क नही होते हैं।**

www.teachersofbihar.org

राजेश कुमार सिंह


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
21 सितंबर
अंतर्राष्ट्रीय शान्ति दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं।
www.teachersofbihar.org
Madhu priya

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

# स्वास्थ्य सुझाव

अमरेंद्र कुमार



नशीले पदार्थों का इस्तेमाल या सेवन बिल्कुल भी नहीं करना चाहिए। इससे हमारे शरीर के पार्ट्स डैमेज हो जाते हैं। इससे यकृत, अमाशय, फेफड़े इत्यादि खराब हो जाते हैं ।

Date 13/09/2023


www.teachersofbihar.org

# TEACHERS OF BIHAR

## बालमन कैमूर

सितम्बर 2023

## Crossword Puzzle





धीरज कुमार
U.M.S. सिलौटा भभुआ कैमूर

# Teachers of Bihar

The change makers

## दिवस विशेष

14 सितंबर

**मधु प्रिया**

## हिंदी दिवस 14 सितंबर




हमारा देश भारत विविधता में एकता का प्रतीक है, जिसमें 22 अलग-अलग भाषाएं बोली जाती हैं। इन्हें संजोकर रखने का काम हिंदी भाषा करती है। अपनी मातृभाषा की विशेषता को पूरी दुनिया में पहुंचाने के लिए हिंदी दिवस मनाया जाता है। आजादी के बाद वर्ष 1953 में 14 सितंबर को हिंदी दिवस के रूप में मानने की घोषणा की गई थी। पहला हिंदी दिवस 14 सितम्बर 1953 को मनाया गया था, जब भारत के तत्कालीन प्रधान मंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने इस दिन को हिंदी दिवस के रूप में याद करने का निर्णय लिया था।विश्व में हिन्दी का विकास करने और इसे प्रचारित-प्रसारित करने के उद्देश्य से विश्व हिन्दी सम्मेलनों की शुरुआत की गई और प्रथम विश्व हिन्दी सम्मेलन 10 जनवरी 1974 को नागपुर में आयोजित हुआ तब से ही इस दिन को 'विश्व हिन्दी दिवस' के रूप में मनाया जाता है। विश्व हिन्दी सचिवालय मॉरिशस में स्थित है। संघ की राजभाषा हिन्दी और लिपि देवनागरी होगी। संघ के राजकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग होने वाले अंकों का रूप अन्तरराष्ट्रीय रूप होगा। यह निर्णय 14 सितम्बर को लिया गया, इसी दिन हिन्दी के मूर्धन्य साहित्यकार व्यौहार राजेन्द्र सिंह का 50वाँ जन्मदिन था, इस कारण हिन्दी दिवस के लिए इस दिन को श्रेष्ठ माना गया था। 1918 में गांधी जी ने हिन्दी साहित्य सम्मेलन में हिन्दी भाषा को राजभाषा बनाने को कहा था। इसे गांधी जी ने जनमानस की भाषा भी कहा था। वर्ष 1949 में स्वतंत्र भारत की राजभाषा के प्रश्न पर 14 सितम्बर 1949 को काफी विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया जो भारतीय संविधान के भाग 17 के अध्याय की अनुच्छेद 343 में इस प्रकार वर्णित है। संघ की राजभाषा हिन्दी और लिपि देवनागरी होगी। संघ के राजकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग होने वाले अंकों का रूप अंतर्राष्ट्रीय रूप होगा।



'ज्ञानपीठ पुरस्कार', 'साहित्य अकादमी पुरस्कार', 'पद्म भूषण' से सम्मानित प्रसिद्ध राष्ट्रकवि


# रामधारी सिंह दिनकर

की जयंती पर कोटि-कोटि नमन।

जन्म- 23 सितंबर 1908 - मृत्यु- 24 अप्रैल 1974

www.teachersofbihar

मधु प्रिया




# विश्व पर्यटन दिवस

27 सितंबर




सुनी सुनाई बातें छोड़ो,
विश्व धरोहर जाकर देखो।
स्थलों का भी मान बढ़े,
चलो-चले हम भ्रमण करें।



दिल्ली का दीदार करें,
संस्कृति का सम्मान करें।
यात्रा से भी ज्ञान बढ़े,
चलो-चले हम भ्रमण करें।

जीवन में कुछ नया करें,
सुकून के कुछ पल लिए।
यात्रा से नई याद गढ़े,
चलो-चले हम भ्रमण करें।




पुनीता कुमारी
राजकीय मध्य विद्यालय नेउरी
बरौली (गोपालगंज)

# Teachers of Bihar

## बालमन

# अनमोल विचार

शिक्षा के द्वारा ही मानव मस्तिष्क का सदुपयोग

किया जा सकता है।



- डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन

(भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति,द्वितीय राष्ट्रपति,एक आदर्श शिक्षक,महान दार्शनिक एवं विचारक)

**(5 सितम्बर 1888 - 17 अप्रैल 1975)**

*Vishwa Vijay Singh*

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 25.09.2023

## आभासी शब्द

आभासी शब्द, एक अवधारणा है जो विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न अर्थों और हिदायतों के साथ लागू होती है।दर्शनशास्त्र की परिभाषा के अनुसार "प्रत्येक वो वस्तु (या गुण) जो वास्तविक न होते हुए भी वास्तविक वस्तु के सभी गुणों के होने का आभास कराती है आभासी होती है।

# ToB
राकेश कुमार

# खेल कॉर्नर
25.09.2023

## एशियन गेम्स

## एशियन गेम्स में भारत का प्रदर्शन

| एशियाड | गोल्ड | सिल्वर | ब्रॉन्ज | कुल मेडल | रैंक |
|---|---|---|---|---|---|
| नई दिल्ली 1951 | 15 | 16 | 20 | 51 | 2 |
| मनिला 1954 | 5 | 4 | 8 | 17 | 5 |
| टोक्यो 1958 | 5 | 4 | 4 | 13 | 7 |
| जकार्ता 1962 | 10 | 13 | 10 | 33 | 3 |
| बैंकॉक 1966 | 7 | 3 | 11 | 21 | 5 |
| बैंकॉक 1970 | 6 | 9 | 10 | 25 | 5 |
| तेहरान 1974 | 4 | 12 | 12 | 28 | 7 |
| बैंकॉक 1978 | 11 | 11 | 6 | 28 | 6 |
| नई दिल्ली 1982 | 13 | 19 | 25 | 57 | 5 |

| एशियाड | गोल्ड | सिल्वर | ब्रॉन्ज | कुल मेडल | रैंक |
|---|---|---|---|---|---|
| सियोल 1986 | 5 | 9 | 23 | 37 | 5 |
| बीजिंग 1990 | 1 | 8 | 14 | 23 | 11 |
| हिरोशिमा 1994 | 4 | 3 | 16 | 23 | 8 |
| बैंकॉक 1998 | 7 | 11 | 17 | 35 | 9 |
| बुसान 2002 | 11 | 12 | 13 | 36 | 7 |
| दोहा 2006 | 10 | 17 | 26 | 53 | 8 |
| ग्वांगझू 2010 | 14 | 17 | 34 | 65 | 6 |
| इंचियोन 2014 | 11 | 10 | 36 | 57 | 8 |
| जकार्ता 2018 | 16 | 23 | 31 | 70 | 8 |

# Thank You

आप अपनी रचनाएं और अपना
बहुमूल्य सुझाव ह्वाट्सएप न0-
8540812308 पर भेज
सकते हैं।